भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2652

जिसका उत्तर 07 अगस्त, 2024 को दिया जाना है

कोयला ब्लॉकों का अन्वेषण

2652. श्री बस्तीपति नागराजू:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सार्वजनिक एवं निजी कम्पनियों द्वारा अन्वेषित नए क्षेत्रीय कोयला ब्लॉकों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन अन्वेषणों से प्राप्त कोयला संसाधनों की राज्य-वार, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश के लिए कुल मात्रा कितनी है;

(ग) क्या आंध्र प्रदेश में कोई नया कोयला अन्वेषण कार्यक्रम चलाया जा रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : क्षेत्रीय कोयला और लिग्नाइट ब्लॉक अन्वेषण भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टियूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) और निजी कंपनियों द्वारा किया जाता है। विवरण इस प्रकार हैं:

जीएसआई द्वारा अन्वेषित नए क्षेत्रीय कोयला और लिग्नाइट ब्लॉकों की संख्या का विवरण:

राज्य	**2021-22 के दौरान ब्लॉकों की सं.**	**2022-23 के दौरान ब्लॉकों की सं.**	**2023-24 के दौरान ब्लॉकों की सं.**
आंध्र प्रदेश			
असम			

छतीसगढ़	2	2	1
मध्य प्रदेश	1	2	3
नागालैंड		1	
ओडिशा	1	2	2
झारखंड			
पश्चिम बंगाल		1	1
महाराष्ट्र		1	
बिहार	1	1	1
मेघालय			
तेलंगाना	1		1
तमिलनाडु	1	1	1
कुल योग	**7**	**11**	**10**

सीएमपीडीआई द्वारा अन्वेषित नए क्षेत्रीय कोयला और लिग्नाइट ब्लॉकों की संख्या का विवरण

राज्य	**2021-22 के दौरान ब्लॉकों की सं.**	**2022-23 के दौरान ब्लॉकों की सं.**	**2023-24 के दौरान ब्लॉकों की सं.**
आंध्र प्रदेश			
असम	1		3
छतीसगढ	9	7	12
मध्य प्रदेश	6	5	7
नागालैंड	2	2	3
ओडिशा	3	2	
झारखंड		2	7
पश्चिम बंगाल		1	
महाराष्ट्र	2		5
बिहार	1	1	1
मेघालय			1
तेलंगाना			1
तमिलनाडु			2
राजस्थान		3	
कुल योग	**24**	**23**	**42**

(ख) : वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 की अन्वेषण गतिविधियों के दौरान जोड़े गए कोयला/लिग्नाइट संसाधनों की कुल मात्रा नीचे दी गई है:

राज्य	**संसाधन (मिलियन टन में)**		
	अनुमानित	**सर्वेक्षण**	**कुल संसाधन**
<u>कोयला</u>			
ओडिशा	11179.98	3117.41	14297.39
छत्तीसगढ़	5648.21	2247.60	7895.80
मध्य प्रदेश	463.88	815.03	1278.91
बिहार	-	1584.14	1,584.14
तेलंगाना	19.10	-	19.10
पश्चिम बंगाल	458.59	-	458.59
आंध्र प्रदेश	1618.70	606.86	2225.56
झारखंड	1946.46	35.25	1981.71
नागालैंड	85.52	31.89	117.41
कुल कोयला	**21420.44**	**8438.18**	**29858.61**
<u>लिग्नाइट</u>			
तमिलनाडु	**-**	**1045.76**	**1045.76**

(ग) से (ड.) : वर्तमान में, सीएमपीडीआई/जीएसआई द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य में कोई नया कोयला अन्वेषण कार्यक्रम नहीं चलाया जा रहा है। ज्ञात पूर्वानुमानित क्षेत्र में क्षेत्रीय अन्वेषण और कुछ भाग में विस्तृत अन्वेषण पहले ही किया जा चुका है। यदि अन्वेषण के निर्धारित समय के दौरान पूर्वानुमानित क्षेत्र में संशोधन किया जाता है, तो भविष्य में अन्वेषण को आगे बढ़ाया जा सकता है।

****